e-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका संख्या – 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(सीतामढ़ी)–78/2020 4695 दि0 22/12/2022

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, सीतामढ़ी के पत्रांक 814 दिनांक 08.09.2022 द्वारा श्री अभिषेक कुमार तिवारी, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03409) के विरूद्ध ससमय कार्य नहीं करने, खानापुरी पर्चा में आधार नम्बर गलत प्रविष्ट करने, रैयतों का आर्थिक शोषण करने एव अवैध कमाई करने के साथ–साथ मनमाने ढ़ंग से कार्य करने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए इन्हें चयनमुक्त करने की अनुशंसा की गयी है।

बंदोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त अनुशंसा एवं प्रतिवेदित आरोप के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय पत्रांक 2689 दिनांक 29.09.2022 द्वारा इनपर लगाए गए आरोपों के संबंध में स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है।

आरोपित द्वारा दिनांक 11.11.2022 को दिए गए स्पष्टीकरण में यह अंकित किया गया है कि जल्दबाजी में कुछ रैयतों के आधार नम्बर एवं मोबाईल नम्बर प्रविष्टि के क्रम में भूलवश गलत प्रविष्ट हो गया है, जिसमें सुधार हेतु उनके स्तर पर प्रयास किया गया, परन्तु सॉफ्टवेयर में लॉक की गयी प्रविष्टियों को सुधार करना संभव नहीं हो पाया। शिविर प्रभारी के स्तर पर भी अनुरोध किया गया, परन्तु उनके द्वारा मेरे विरूद्ध आरोप प्रतिवेदित कर दिया गया, जबकि उनके द्वारा लॉक को अनलॉक कराने का प्रयास किया जाना चाहिए था। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा यह भी अंकित किया गया है कि जो कार्य उन्हें सौंपा गया था, वह उनके द्वारा कर लिया गया है। उनके द्वारा भविष्य में इस तरह की कोई गलती नहीं करने का तथ्य अंकित किया गया है।

प्रतिवेदित आरोप तदनुसार प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत पाया गया कि आरोपित द्वारा अपनी भूल स्वीकार किया गया है तथा इसकी पुनरावृति नहीं करने का लिखित आश्वासन दिया गया है। इस परिपेक्ष्य में इनके आचरण में भविष्य में सुधार के दृष्टिगत तत्काल इन्हें दण्ड स्वरूप इनके मानदेय में से 02 माह के मानदेय की कटौती करने का आदेश दिया जाता है।

साथ ही यह भी चेतावनी दी जाती है कि यदि भविष्य में इस तरह के आरोप प्रतिवेदित होते हैं, तो इनका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा।

(जय सिंह) 22/12/22
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(सीतामढ़ी)–78/2020 4695 **पटना, दिनांक** :– 22/12/2022

प्रतिलिपि :– श्री अभिषेक कुमार तिवारी, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN03409) बंदोबस्त कार्यालय, सीतामढ़ी को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवंपरिमाप

ह0 8630

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(सीतामढ़ी)–78 / 2020..4645.. **पटना, दिनांक** :– 22/12/2022

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, सीतामढ़ी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवंपरिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(सीतामढ़ी)–78 / 2020..4645.. **पटना, दिनांक** :– 22/12/2022

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरीता कुमारी, प्रोग्रामर को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर लोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवंपरिमाप